सिद्धांतत: मेरी इसमें कोई असहमति नहीं है। मैं मानता हूं कि महिला न्यायाधीश करे लेकिन दो प्रश्न हैं। पुरुषों पर इतना अविश्वास क्यों किया जा रहा है? आज तक जितने फैसले उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय ने बलात्कार के मामले में महिला पीड़ितों के पक्ष में दिए हैं, वे सब पुरुष न्यायाधीशों ने ही दिए हैं और अभी तक देते रहे हैं। दूसरा, इसमें एक प्रश्नचिन्ह और है। अगर आप जेंडर के आधार पर न्यायाधीशों को मुकद्दमें देंगे कि यह मुकद्दमा इस जेंडर के लोग ट्राई करें, यह इस पर करें तो क्या यह वॉयलेटिव नहीं होगा? क्या यह उस अधिकार का हनन नहीं होगा? आज आप यह सोच रहे हैं कि महिला न्यायाधीश करेगी। कल को अगर अभियुक्त, जो पुरुष होगा, वह खड़ा होकर यह कहेगा कि आप महिला हैं इसलिए आप जेंडर बायस्ड हैं तो क्या होगा? दूसरा, हम प्रेक्टिकल नहीं सोच रहे हैं कि यह एक फ्लड गेट ओपन कर रहा है। आज एक खिड़की खुल गयी है। कल को कोई खड़ा होगा और कहेगा कि हम ब्राह्मण हैं और आप ठाकुर हैं इसलिए हमारा मुकद्दमा ब्राह्मण जज द्वारा ही किया जाना चाहिए। इसी प्रकार ठाकुर खड़ा होगा और कहेगा कि ठाकुर द्वारा ही किया जाना चाहिए। माइनॉरिटीज़ का आदमी खड़ा होगा और कहेगा कि आप तो मैजोरिटी के हैं, हमारा मुकद्दमा माइनॉरिटीज़ द्वारा ही किया जाना चाहिए। यह एक फ्लड गेट ओपन किया जा रहा है और यह भविष्य के लिए नुकसानदेह होगा। एक अंडरस्टेंडिंग है। हर जगह पर आप एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आप महिला न्यायाधीश नियुक्त कर दें। जिला जज को एडमिनिस्ट्रेटिव आदेश दे दें। लेकिन कानून में प्रावधान करके मैं समझता हूं कि यह उचित और सराहनीय कदम नहीं है, यह भविष्य में घातक होने जा रहा है। इसलिए इस पर विचार किया जाना चाहिए। जो क्लॉज-41C है वह बहुत सराहनीय कदम है। कम से आज

कौन-कौन सा अभियुक्त गिरफ्तार हुआ है, उसके लिए कंट्रोल रुम होगा तथा उसका डिस्प्ले होगा। यह अच्छा सराहनीय कदम है। लेकिन इसमें एक चीज अभी भी अधूरी है। मैं इसमें कहना चाहूंगाः—

"The State Government shall cause to be displayed on the notice board kept outside the control rooms at every district, the names and addresses of the persons arrested and the name and designation of the police officers who made the arrests".

यह डिस्प्ले सिर्फ पुलिस कंट्रोल रुम में क्यों? जहां थाने पर शुरूआत होती है, वहां पर क्यों नहीं है? आपको शायद अनुभव नहीं है, बहुत से लोग जो यहां बैठे हुए हैं उनको अनुभव नहीं है, मैंने लोअर कोर्ट से लेकर वकालत शुरू की है तब एडवोकेट जनरल बना। मुझे तो लोअर कोर्ट से लेकर हर न्यायालय का अनुभव है और मैं जानता हूं कि सबसे ज्यादा बन्दी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं सिर्फ इसलिए होती हैं कि वे थाने पर डिटेन किए जाते हैं। आवश्यक तो यह है कि थाने पर कंट्रोल होना चाहिए और यह डिस्प्ले सबसे पहले थाने पर ही होना चाहिए कि कौन-कौन अभियुक्त किस-किस समय पर पकड़ा गया है। जब तक आप वह नहीं करेंगे, क्योंकि थाने पर वह बन्दी बना हुआ है और पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना नहीं दे रहा है तो क्या स्थिति आएगी। डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर में तो सूचना बाद में जाएगी। इसलिए सबसे पहले यह चैक होना चाहिए तथा थाने पर यह सूचना आनी चाहिए तथा थाने पर डिस्प्ले बोर्ड लगा होना चाहिए कि इस नाम का यह अभियुक्त इस अपराध में यहां पर पकड़ा गया है। उसकी आवश्यकता है, केवल छोटा सा संशोधन है। लेकिन इसका प्रभाव बहुत व्यापक होगा।

दूसरी बात, एक चीज और है। क्लॉज-41D है। "When any person is arrested and interrogated by the police, the arrestee shall be entitled to meet an advocate of his choice during interrogation, though not throughout interrogation."

मंत्री जी, हमारे छोटे से सजेशंस हैं, जो शायद प्रेक्टिकल हैं, उनको सुन लीजिए। उपसभापति महोदय, मेरा अनुरोध है कि मेरी बात सुन ली जाए, मेरे छोटे से संशोधन हैं। इसमें आपने कहा है कि : 'meet an advocate of his choice during interrogation' जो बीच का टाइम है, अरेस्ट और इंटेरोगेशन का, सपोजिंग, कल को एस0एच0ओ0 -अरेस्टिंग आफिसर कहता है कि हमने तो अरेस्ट किया है, हम इंटेरोगेट नहीं कर रहे हैं।

SHRI P. CHIDAMBARAM: Mr. Bhatia, you have not given any amendments.

SHRI VIRENDRA BHATIA: I am only making a request to you. I know it. I have not given. But this is my suggestion.

'To meet an advocate of his choice during interrogation.' It should be immediately after arrest also.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Which clause are your referring to?

SHRI VIRENDRA BHATIA: . Clause 41 (D). इसका वे मिस-यूज कर सकते हैं कि इसका इंटेरोगेशन तभी होगा जब हम इंटेरोगेशन शुरू करेंगे, अभी तो हमने अरेस्ट किया है। immediately after arrest an advocate should be allowed to meet the person who has been arrested at any time.

दूसरा, मेरा एक सुझाव और है। जब महिला अभियुक्त गिरफ्तार की जाती है, तो आपने कहा कि During interrogation, not throughout interrogation. मेरा इसमें एक सुझाव है कि जब महिला अभियुक्त पकड़ी जाए तो पूरे समय उसके पास एक महिला अधिवक्ता को रहने की इजाजत दी जाए। यह मेरा एक सुझाव है, क्योंकि महिलाओं को पकड़ा जाता है और प्रावधान के बाद भी उनकी गिरफ्तारी रात में होती है और दिखाई नहीं जाती और गिरफ्तारी सवेरे दिखाई जाती है। थाने पर उनके लिए क्या शब्द प्रयोग किया जाता है, किस

प्रकार से महिला अभियुक्तों का अपमान किया जाता है, मैं उसके बारे में नहीं कहना चाहता। इसलिए उसके इंटरोगेशन के समय एक महिला अधिवक्ता या कोई भी अधिवक्ता का वहां पर रहना आवश्यक हो। मेरी एक आपत्ति है... As regards Section 161, it has been stated in clause 12, "Provided that statement made under this subsection may also be recorded by audio-video electronic means:

Provided further that in respect of offences specified in sub-section (1) of section 164(B), where such person is required to be forwarded to the nearest Magistrate for recording this statement under that section, his statement to the police officer shall not be reduced into writing under this sub-section." Then, it further says: "Provided that where any statement has been recorded under section 164 B, the police officer shall enclose a copy of such statement as part of his police diary..." I have no objection to that. But in clause 13, it says: "The statement made by any person to a police officer in the course of an investigation under this Chapter shall, if reduced into writing, be signed by the person making it. I oppose it. इसका एक कारण है, 161 का स्टेटमेंट अभी साइन नहीं होता। जब आप 161 का स्टेटमेंट साइन करा लेंगे — आप स्थिति समझ सकते हैं कि पुलिस आफिसर के सामने कोई भी गवाह — जिस तरह से असत्य 161 के स्टेटमेंट लिखे जाते हैं और उसके बाद दस्तखत करा लेंगे ...**(व्यवधान)**...

SHRI P. CHIDAMBARAM: Are you talking about the new Section 162 in the Amendment Bill?

SHRI VIRENDRA BHATIA: Yes.

SHRI P. CHIDAMBARAM: An official Amendment has been moved to delete that Section and restore the original Section.

श्री वीरेन्द्र भाटिया: मैं फिर आप से यह कह रहा हूं कि जो आपने कहा है कि ...if reduced into writing, be signed by the person making it. That is another thing.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Which portion are you referring to? It is from Page 5, is it? Kindly listen to me. The whole of this is being deleted, and the original Section in the Criminal Procedure code is being restored. So, this Amendment is not being done

SHRI VIRENDRA BHATIA: Then I take back my objection. Now, as regards section 164, in clause 14, it is stated: "Provided that any confession or statement made under this sub-section may also be recorded by audio-video electronic means." There is a room for misuse of this provision. When you want that it is admissible in the evidence, then, for making a statement before the Magistrate, he should go before the Magistrate. Otherwise, आपने एक जगह थाने पर खड़ा कर दिया तथा साथ में चार पुलिस वाले खड़े हैं और उससे confess करा लिया। मैजिस्ट्रेट को क्या मालूम कि चार आदमी बंदूक लिए हुए खड़े हैं ... Then, that will be a statement made under duress. When you say, "in the presence of a lawyer", even the presence of a lawyer can be excused at that time. Then, what will happen? Now if that lawyer is to defend him, then, will he be a witness? And, I know of cases where the police engage a lawyer, and the police say, "This is the lawyer", and they move a bail application." I know of several such instances.

SHRI P. CHIDAMBARAM: I don't want to interrupt at every stage, but I thought it would save a lot of time. If you are referring to clause 14, then, Section 164 is already there in the Code of Criminal Procedure ...*(Interruptions)*... I am not a criminal lawyer. You are one...

SHRI VIRENDRA BHATIA: I am not a criminal lawyer. I am a lawyer practising especially on the criminal side. Don't say that I am a criminal lawyer.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, Section 164 requires that a confession or a statement can be recorded by a Metropolitan Magistrate or a Judicial Magistrate. Nobody else can record it. No change is being made there. This is a proviso to Section 164 (1). So, when the Magistrate records a confession, the clause applies, "Provided that any confession or statement, made under this sub-section", by the Magistrate, may also be recorded by audio-video means. The original recording is not taken away. The Magistrate will record it. This provision says, "It may also be recorded." So, there is nothing wrong with that.

श्री वीरेन्द्र भाटिया: महोदय, मैं जानता हूं कि "में" का तात्पर्य क्या होता है। यह मजिस्ट्रेट को अधिकार देता है कि वह किसी भी विधि द्वारा उसे रिकॉर्ड कर सकता है, लेकिन इन अधिकारों का कितना दुरुपयोग हुआ है, हम इससे आंखें बंद नहीं कर सकते हैं। आप कह दें कि साठ किलोमीटर दूर जेल में बैठा हुआ है, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर लीजिए, लेकिन मजिस्ट्रेट किस प्रकार से कार्य करते हैं, उस बारे में बहुत सी चीजें मैं बताना नहीं चाहता हूं। मैं समझता हूं कि ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग से अभियुक्त का बयान रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए। जो बात वह मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित होकर कह सकता है, वह ऑडियो, वीडियो रिकॉर्डिंग में नहीं कह सकता है। किन परिस्थितियों में वह अपना स्टेटमेंट रिकॉर्ड करवा रहा है, उस संदर्भ में यह उचित नहीं है, मैं इसका विरोध करता हूं। अगर आप समझते हैं कि वह सिर्फ 164 का एडिशन है, आपने प्रोविजो कर दिया, इसमें कोई सब्शटेंशियल चेंज नहीं किया है तो उसे रहने क्यों नहीं देते हैं? इस एडिशन की क्या आवश्यकता पड़ी?

तीसरी बात, 167 में आपने जो अमेंडमेंट दिया...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे.कुरियन): भाटिया जी, समाप्त कीजिए।

श्री वीरेन्द्र भाटिया: मैंने इसीलिए कोई इतिहास बताना शुरू नहीं किया है। परंतु जो मेरी समझ में आ रहा है, but the Magistrate may extend subsequently, every time. 167 में आपने जो संशोधन किया है, बिना उसकी उपस्थिति के भी रिमांड दिया जा सकता है, मैं उसका भी विरोध करता हूं। अभियुक्त की उपस्थिति मजिस्ट्रेट के सामने रिमांड के लिए अत्यंत आवश्यक है। नई सी.आर.पी.सी. में यह संशोधन इसीलिए किया गया था। इसी को दस्तख्त रखते हुए किया गया था कि अभियुक्त का अपना अधिकार होना चाहिए कि जब वह मजिस्ट्रेट के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो, तो अपनी बात कह सके। बहुत सी बातें छूट गईं...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Bhatiaji, please conclude.

श्री वीरेन्द्र भाटिया: मैं समय सीमा समझ रहा हूं, परंतु आप मेरी भी समय सीमा समझ लीजिए, आपने गिरफ्तारी के संबंध में ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): टाइम खत्म।

श्री वीरेन्द्र भाटिया : मुझे आप पांच मिनट कह लेने दीजिए। टाइम सभी के लिए खत्म नहीं होता। अगर टाइम मेरे लिए खत्म हो जाता है तो मैं ही बैठ जाता हूं, इसमें क्या दिक्कत है। मैं इतनी महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं और आप कहते हैं कि चुप बैठ जाओ। आप एक बात समझ लीजिए, आपने जहां तक गिरफ्तारी के संबंध में कहा है...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): आपकी पार्टी का टाइम सात मिनट था, आपने पंद्रह मिनट लिए हैं। **...(व्यवधान)...**

श्री वीरेन्द्र भाटिया: आप सुन लीजिए। मैं बहुत संक्षेप में बात कह रहा हूं। जहां तक गिरफ्तारी की बात है, गिरफ्तारी के संबंध में **...(व्यवधान)...**

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh): There were interruptions. ...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया : सेक्शन 41 में आपने जो संशोधन किए हैं **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : What did you say? ...*(Interruptions)*... What are you saying? ...*(Interruptions)*... I am not interrupting. Don't make such comments. Why do you say, 'don't interrupt me?' I am not interrupting you.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: I never said, 'don't interrupt me'. I said, 'there were interruptions, Sir.'

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : Okay, okay. ...*(Interruptions)*... Not interruptions; not interruptions. There were interactions between the Minister and himself. That was very useful; very educative also. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: But, don't point a finger at me. ...*(Interruptions)*... You can't talk to me like this.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : What are you doing?

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: You can't point a finger at me like this. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN) : You can't point...*(Interruptions)*... Please; please. The hon. Member should not point finger to the Chair.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: You did it, Sir. I am saying, 'you please don't do it'. You pointed a finger at me. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You behave properly, hon. Member. Please behave properly. You should know how to behave. Please, take your seat. ...*(Interruptions)*... Please, take your seat. Don't point finger to the Chair. ...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया : आपने सेक्शन 41 में जो संशोधन किए हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि ये बड़े क्रांतिकारी हैं..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): जल्दी खत्म कीजिए।

श्री वीरेन्द्र भाटिया: **...(व्यवधान)...** मैं बहुत प्रेसाइज कर रहा हूं। सेक्शन 41 में आपने जो संशोधन किए हैं, वे वाकई में प्रशंसनीय हैं, लेकिन मैं थोड़ी सी बात और कहना चाहता हूं कि यह बात छिपी नहीं है कि एफ.आई.आर. में फाल्स इम्प्लिकेशन बहुत किये जा रहे हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि इस पर विचार कीजिए कि जोगिन्दर कुमार के केस को फोलो किया जाना चाहिए। छोटे-छोटे अपराधों में, जिसमें दो वर्ष से कम की सजा है, कम से कम उसमें व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। आज बदला लेने के लिए 323 नॉन कॉग्निजेबल है, 147 लगाकर आदमी जेल भेज दिया जाता है। इस प्रवृत्ति को रोका जाना चाहिए। पुलिस अपने

अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है। इसलिए कुछ इस प्रकार की प्रक्रिया करं कि जिनमें दो वर्ष से कम की सजा का प्रावधान है, उसका मिसयूज रोका जाना चाहिए। फिर भी यह स्वागत योग्य कदम है, इसमें कोई शक नहीं है। एक अमेंडमेंट, जिसका मैं बहुत विरोध करता हूं, 309 में, आपने जो एडवोकेट्स के बारे में कहा है, उसका मैं पूर्णतया, जितनी मेरी शक्ति है, उस शक्ति के साथ विरोध करता हूं।

यह सही है कि आजकल मुकदमों में देरी हो रही है, लेकिन देरी के लिए सिर्फ वकीलों को जिम्मेदार ठहराना, यह ठीक नहीं है। यह वैसा ही है जैसे टेरोरिस्ट अटैक के लिए आज सारा देश राजनीतिज्ञों को जिम्मेदार ठहरा रहा है। कृपया दो मिनट में मेरी बात सुन लें। आपने 309 में संशोधन किया और 303 CrPC में आप कह रहे हैं, "An accused has a right to be defended by a lawyer of his choice". Is it not contradictory to that? जज बीमार हो जाए, उसे छींक आ जाए, तो वह घर पर बैठ जाता है। अगर वकील बीमार है या कहीं पर व्यस्त है, तो आप उससे कहेंगे कि दूसरा वकील कीजिए। उसने फीस एक वकील को दे रखी है और आप बहस दूसरे वकील से कराना चाहते हैं। क्या यह धारा 303 CrPC और उसके मौलिक अधिकारों के विपरीत नहीं है? वह चिदम्बरम साहब से बहस कराना चाहता है और वहाँ पर हम पहुँच जाएँ कि साहब, वे तो दूसरे कोर्ट में व्यस्त हैं। मैं समळाता हूँ कि यह criminal jurisprudence के खिलाफ है और वकीलों के खिलाफ है। मैं चिदम्बरम साहब से यह उम्मीद नहीं करता था कि वे वकील होते हुए सारा दोषारोपण वकीलों पर कर देंगे। उस समय मजिस्ट्रेट क्या करेगा? पुलिस तमाम adjournments लेती है, गवाह नहीं आते हैं। आप यह कह सकते थे कि इसको misuse नहीं किया जाना चाहिए। यह उच्चतम न्यायालय तक ने कहा है कि 309 का दुरुपयोग हो रहा है। उसको रोका जाना चाहिए। अगर witness आया हुआ है, तो उस पर heavy cost लगा देनी चाहिए। लेकिन अगर आप कहें कि आज वकील बीमार हो गया है, तुरंत दूसरा वकील कर लीजिए, तो यह न तो सम्भव है और न यह होगा। यह केवल वकीलों पर दोषारोपण करने के लिए लाया गया है और वकील विरोधी है।

इसके बाद अन्त में मैं अन्तिम बात कहना चाहता हूँ कि आपने compounding की बात कही है। यह बहुत अच्छा है कि बहुत से sections compounding किए गए। लेकिन अभी जैसा डा. सुदर्शन नाच्चीयप्पन जी ने 494 के बारे में कहा, यह तो बहुत अच्छा है कि दूसरी शादी कीजिए, social fabric को नष्ट कीजिए, सामाजिक मर्यादाओं को नष्ट कीजिए और उसके बाद compounding करा लीजिए। इसी प्रकार से 509 है। ठीक है, इसका महिलाओं पर इतना प्रभाव पड़ेगा कि महिलाओं पर कितना दबाव डाला जाएगा, इसकी आप कल्पना नहीं कर सकते। इसका समाज पर दूरगामी परिणाम होगा। मैं नहीं समझता कि इस प्रकार के अपराधों को compounding बनाना चाहिए। इसके विपरीत, जैसा अभी उधर से कहा गया, 498(ए) का दुरुपयोग हो रहा है। अभी बताया गया कि स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट भी है कि 498 का किस प्रकार से दुरुपयोग हो रहा है और वह परिवारों को तोड़ रही है। मैं अन्तिम बात ही कह रहा हूँ। 498(ए) का दुरुपयोग हो रहा है। इसलिए 498(ए) को ऐसा बनाइए, क्योंकि उसमें महिलाओं की गिरफ्तारी हो रही है, ननद की गिरफ्तारी हो रही है। वह विदेश में है और ननद पकड़ी जा रही है, सास पकड़ी जा रही है। अभी जो आँकड़े आए हैं, उनमें यह भी आया है कि 498(ए) के 50 परसेंट केसेज false पाए गए। इसलिए उसका दुरुपयोग हो रहा है। उसमें कुछ ऐसी व्यवस्था कीजिए कि जब तक उसमें investigation complete न हो जाए, तब तक उसमें गिरफ्तारी न की जाए। उससे परिवारों को फिर से जोड़ने का कम-से-कम एक मौका मिलेगा। अगर किसी पति की माँ, बाप, बहन, भाई बन्द हो जाते हैं, तो उसके बाद उनके परिवारों को आपस में जोड़ने की बात फिर नहीं रह जाती है। इसलिए परिवार जुड़ने को देखते हुए कम-से-कम 498(ए) को compoundable बनाइए।

मैं अन्तिम वाक्य सिर्फ यह कहना चाहता हूँ कि सारी अविवाहित लड़कियाँ जेल भेजी जा रही हैं, आपने सारा दोषारोपण हम पर कर दिया, वकीलों पर कर दिया, चूँकि मैं वकीलों का प्रतिनिधि हूँ, इसलिए यह बात कह रहा हूँ, आप अपने बारे में भी तो सोचिए! चार-चार साल से अफजल गुरु को फाँसी हुई पड़ी है और चार साल से आपकी सरकार याचिका का निस्तारण नहीं कर पा रही है, जनता हमसे यह भी पूछती है। आप

न्यायालयों और वकीलों पर दोषारोपण कर रहे हैं, पहले आप अपने दामन में भी तो झाँक कर देखिए। चार वर्ष लगते हैं, जिन लोगों को सजा हुई है, उनकी याचिकाएँ लम्बित हैं, चाहे वह अफजल गुरु हो, चाहे कोई और हो। आप चार वर्ष से फाइल move नहीं कर पा रहे हैं! आप दूसरों के लिए क्यों कह रहे हैं, दूसरों पर आरोप क्यों लगा रहे हैं? पहले आप अपना चेहरा देखिए, पहले उनका निस्तारण कीजिए, फिर वकीलों पर दोषारोपण कीजिए। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Your Party's time was seven minutes but you took twenty-two minutes. राजनीति प्रसाद जी, आप अपनी बात पांच मिनट में ही खत्म करें तो अच्छा होगा, क्योंकि दो बजे हमें यह बिल पास करना है।

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार): आप पांच मिनट में ही घंटी बजा दीजिएगा, मैं खत्म कर दूंगा। **...(व्यवधान)...**

श्री वीरेन्द्र भाटिया: आप हमें भी सुन लिया कीजिए, दिक्कत यह है कि आप हम लोगों को सुनते नहीं हैं।

श्री राजनीति प्रसाद: आप रुकिए, रुकिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): राजनीति प्रसाद जी, आप बोलिए।

श्री वीरेन्द्र भाटिया: जया जी क्या बात कह रही थीं, लेकिन आज आपने जया जी को ही कह दिया। * जया जी वरिष्ठ सदस्य हैं और इनको आपने जिस तरह की बात कही, *

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You are sitting and speaking. ...*(Interruptions)*... You should know the rule. ...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया: नहीं-नहीं, सर। हम रूल्स जानते हैं, लेकिन हम एक बात देखते हैं कि हमेशा समाजवादी पार्टी *

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): What is your problem?

श्री वीरेन्द्र भाटिया: मैं दूसरी पार्टियों के संबंध में आपको दिखा दूंगा, सात मिनट के बजाए वे बीस-बीस मिनट बोलते हैं और *

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): It is not correct. ...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया: वह इस सदन की वरिष्ठ सदस्य हैं और आप उन्हें इस तरीके से इंगित कर रहे हैं और दूसरी ओर हम महिलाओं की बात कर रहे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Do not make such allegations. ...*(Interruptions)*... This is wrong. ...*(Interruptions)*... I want to make it clear that the Congress Party had 34 minutes...*(Interruptions)*... This is not correct. You see even the Congress Party...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया: हम लोग यह एक घटना के आधार पर नहीं कह रहे हैं, चूंकि ऐसा हो रहा है, इसलिए हमें यह कहना पड़ रहा है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Your time was seven minutes but you took more than twenty-two minutes. ...*(Interruptions)*... Whereas the Congress Party had...*(Interruptions)*... Please do not make such allegations. ...*(Interruptions)*... That will not go on record. ...*(Interruptions)*...That will not go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री वीरेन्द्र भाटिया: * *

---

*Expunged as ordered by the Chair.

* *Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please take your seat. ....*(Interruptions)*... You are such a learned man, you are an advocate, how can you talk and behave like this? Let me make it clear since you are making an allegation against the Chair that Congress had 34 minutes, it took less than half of its time, BJP had 26 minutes and took not a single minute more than that, CPM had eight minutes and its Member has taken seven or eight minutes, SP had seven minutes and Bhatiaji started speaking at 1.12 and finished at 1.35 which means he took 23 minutes. ...*(Interruptions)*... In place of seven minutes, I allowed him to speak for more than 22 minutes. ...*(Interruptions)*... In place of seven minutes, I allowed him 23 minutes. No other party was allowed so much excess time. And then if such a senior Member is making an allegation like this, it is wrong. It should not have been said. This is unbecoming of a Member to make such an allegation against the Chair.

श्री राजनीति प्रसाद: सर, मेरे पांच मिनट अभी शुरू होंगे न?

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): ठीक है।

श्री राजनीति प्रसाद: उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे पांच मिनट का समय दिया है और मैं पांच मिनट में ही कन्क्लूड करूंगा। सबसे पहले तो मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह सीआरपीसी में इस तरह का अमेंडमेंट लाए हैं। यह अमेंडमेंट कुछ अच्छे कार्यों के लिए लाया गया है, इसमें कोई शक नहीं है ..(व्यवधान)... लेकिन मैं सिर्फ एक दो बातें ही रखना चाहता हूं और शायद वे पांच मिनट में ही खत्म हो जाएंगी।

पहली बात यह है कि आप सेक्शन 327 में एक अमेंडमेंट लाए हैं और सेक्शन 327 में ट्रायल का जो प्रोसीजर है, ट्रायल का रेप वगैरह के बारे में जो प्रोसीजर है, उसमें आपने लिखा है, "provided that the ban on printing or publication of a trial proceeding in relation to an offence of rape may be lifted" meaning thereby कि उसमें जो पब्लिकेशन का चैप्टर है, उसको आपने लिफ्ट कर दिया और कहा है कि "subject to maintaining confidential the name and address of parties." पहले इसमें यह था कि "Where any proceedings are held in Sub-Section 2, it shall not be lawful for a person to print or publish any matter in relation to any such proceedings except with the previous permission of the court." आपने इसको लिफ्ट कर दिया और कहा कि इसका name and address आप नहीं दे सकते हैं बल्कि आप ट्रायल को निकाल सकते हैं, कोई बात नहीं है। उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूँगा कि यह जो क्लॉज़ है, जो प्रोविज़ो है, वह सही नहीं है, बल्कि जो पहले था उसी को रहना चाहिए। हमारा trial का जो procedure है, अगर आप कैमरा में महिलाओं का ट्रायल कर रहे हैं, तो उसके बारे में बाहर नहीं निकलना चाहिए और पहले निकलता भी नहीं था। ट्रायल जो होता था, उसको लोग पब्लिश नहीं करते थे। लेकिन, अभी जो आपने यह दे दिया कि "The offence of rape may be lifted subject to maintaining the confidentiality of the name and address of the party." जब ट्रायल चलेगा तो नाम और पता तो उसमें रहता ही है, इससे पता चल जाएगा कि किसका ट्रायल हो रहा है। पहले इसको एकदम confidential रखा जाता था, इसमें कहीं भी कोई दिक्कत नहीं आती थी। अब इसको आपने प्रोविजो दे कर खत्म किया है। इस पर आप ज़रा विचार जरूर कर लीजिएगा।

मैं एक बात और कहना चाहूँगा। 164 बी के बारे में आपने कहा है कि उसका मजिस्ट्रेट के यहाँ स्टेटमेंट होगा और मजिस्ट्रेट स्टेटमेंट लेंगे। अब मैं एक बात इसके बारे में कहना चाहता हूँ, जैसा भट्ट साहब ने भी कहा कि एक साइको स्टेटमेंट होता है। यानी जो पुलिस के साथ वहाँ जाते हैं, जो पकड़े जाते हैं और वहाँ पर उनका स्टेटमेंट रिकॉर्ड होता है, तो उसको साइको फीयर होता है। साइको फीयर का मतलब यह हुआ कि वहाँ कोई वकील नहीं रहता है, लेकिन किसी एक्यूज्ड को, किसी आदमी को, जिसको 164 में स्टेटमेंट देना है, उसको

जिस्ट्रेट के यहाँ प्रोड्यूस किया जाता है और बाहर में पुलिस के लोग खड़े रहते हैं। मेरा यह कहना है कि इसमें कोई टाइम गैप देना चाहिए। अगर टाइम गैप नहीं देते हैं तो उनको एक कॉपी देनी चाहिए। उसमें एक प्रोविजन बनाना चाहिए कि अगर आप पुलिस के द्वारा वहाँ प्रोड्यूस किए जा रहे हैं और अगर आपको कोई आपत्ति है, तो आप उसके बारे में अपील भी कर सकते हैं। 164बी में आपने स्टेटमेंट के बारे में कहा है और उसी के आधार पर आपने 344 में कहा है कि अगर आपने स्टेटमेंट दिया है और retract करते हैं तो आपको इस तरह से कानूनी प्रोविजन में ला कर आपको सजा भी दिलवाने का काम होगा। मेरी अपनी राय यह है कि 164 बी में एक प्रोविजन बनाना चाहिए कि अगर मजिस्ट्रेट के यहाँ कोई स्टेटमेंट देता है तो उसको मजिस्ट्रेट के यहाँ से डायरेक्ट फिर उसको जेल में भेजना चाहिए और जो स्टेटमेंट वह दे रहा है, उसकी एक कॉपी उसको देनी चाहिए। अगर उसको ऐसा लगे कि हमने ऐसा स्टेटमेंट दिया है कि हम उसको बाद में दबाव के कारण — क्योंकि 164 का जो स्टेटमेंट है, वह सिर्फ दबाव के कारण होता है, पुलिस भी साथ में रहती है और वहाँ कोई वकील नहीं होता है। इसलिए अगर वह बाद में उसका retract करे या अपील करे कि हमने यह दबाव में दिया था तो उसमें एक ऐसा प्रोविजन होना चाहिए। तभी जो एक्यूज्ड है, जो अपना स्टेटमेंट देना चाहता है, उसको ऐसा लगेगा कि अगर अभी पुलिस ने हमसे जल्दबाजी में यह करा दिया है तो हम बाद में उसको अपील कर सकते हैं, retract कर सकते हैं। इसलिए मेरी यह राय है कि इसमें ऐसा कोई प्रोविजन जरूर होना चाहिए।

अंत में चूँकि 5 मिनट का समय है और एक-दो मिनट तो मेरा ऐसे ही चला गया मैं अंत में यह कहना चाहूँगा कि इस बात को ध्यान में रखा जाए कि जो एक्यूज्ड होते हैं पुलिस को इतना पावर मत दे दीजिए ताकि लगे कि पुलिस को इसमें से सारा पावर आ गया है, आप देख लीजिए। पुलिस को इतना पावर मत दीजिए कि उनका कोई restriction नहीं रहे। उन्होंने लिखा है कि tampering of the evidence और threatening होगी। महोदय, पहले तो हम tampering of evidence के लिए दरख्वास्त देते थे, लेकिन अब तो पुलिस को ही पॉवर मिल गयी है। इस के बारे में भी आप विचार कीजिए। तो ये दो बातें हमने कही हैं, उन्हें इस में संशोधित रूप में लाइए क्योंकि ह्यूमन राइट्स का मामला आता है और torture का भी मामला आता है। इसलिए इस बारे में जरूर विचार कीजिए। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

धन्यवाद, आपने मुझे 5 मिनट का समय दिया और आपको घंटी नहीं बजानी पड़ी।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): श्रीमती माया सिंह।

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश) : धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे इस दंड प्रक्रिया संहिता संशोधन विधेयक, 2006 पर बोलने का मौका दिया।

उपसभाध्यक्ष जी, महिलाओं के साथ पुलिस के द्वारा अक्सर जो सलूक किया जाता है, कभी-कभी तो वह इतने निम्न स्तर का होता है कि जिसे शब्दों में कहना मुश्किल है और कुछ घटनाएं तो शालीनता की सीमा भी पार कर जाती हैं। महोदय, मैं इसे बर्बरतापूर्ण कहूं तो अतिशयोक्ति नहीं होगा, लेकिन इस विधेयक में प्रावधान है कि महिलाओं को महिला पुलिस अधिकारी के अतिरिक्त अन्य कोई पुलिस अधिकारी गिरफ्तार करने के लिए उसके शरीर को छू नहीं सकता। यह प्रावधान महिला की गरिमा के अनुकूल है। इसी तरह खंड 8 में गिरफ्तार की जाने वाली महिला के शरीर की परीक्षा महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा करवाए जाने का जो प्रावधान किया गया है, मैं उसका भी स्वागत करती हूं। और खंड 11 में बलात संघ अपराध के संबंध में पीड़ित महिला के बयान या कथन को पीड़ित महिला के निवास या उसकी पसंद के स्थान पर या उसके माता-पिता या संरक्षक या नजदीकी रिश्तेदारों की उपस्थिति या उस क्षेत्र की सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में किसी महिला पुलिस अधिकारी द्वारा रिकॉर्ड किए जाने का जो प्रावधान इस में प्रस्तावित है, वह भी महिला की गरिमा को बढ़ाएगा। मैं मंत्री जी को इस के लिए धन्यवाद देती हूं और इस प्रावधान का स्वागत करती हूं क्योंकि यह कदम महिलाओं की गरिमा को प्रतिस्थापित करने का एक प्रयास है, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगी कि यह प्रयास ही नहीं रहें बल्कि इनका कड़ाई से पालन हो और इन पर नजर रखी जानी चाहिए।

[**उपसभापति महोदय** पीठासीन हुए]

महोदय, मुझे लगता है कि यह संशोधन विधेयक पूरी सोच और समझ के साथ नहीं लाया गया है क्योंकि इस में 1973 में दंड प्रक्रिया संहिता में जो व्यापक परिवर्तन किए गए और एक समग्र संशोधित प्रक्रिया का विधियन किया गया, इसके बाद बदली हुई परिस्थितियों में समय-समय पर यह अनुभव किया गया कि 1973 का संशोधन विधेयक आज की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। महोदय, 5 वर्षों में इस में संशोधन के लिए 3 संशोधन विधेयक पेश किए जा चुके हैं - पहला संशोधन विधेयक 2003 में आया जिस पर संसदीय समिति की एक टिप्पणी है, मैं आप की अनुमति से संसदीय समिति की उस टिप्पणी को शब्दशः कोट करना चाहती हूँः—

"The Committee is very keen of revamping Criminal Justice System and feel that the Government should attempt to bring a comprehensive Bill, particularly, in the light of Reports of various Commissions, Committees and Studies on the Criminal Justice System. The Committee is of the view that if that takes a long time, then, at least, the Code of Criminal Procedure (Amendment) Bill, 1994, and the present Bill may be merged and a composite Bill be introduced in Parliament, rather than introducing piecemeal legislation separately. Deliberations took place in the Committee on the urgent need for introducing policy reforms in the light of widespread allegations of corruption, inaction and politicisation of police force. The Committee urges the Government for immediate initiation of measures for reforming the police system in the country." समिति की यह सिफारिश वर्ष 2005 की है और मुझे लगता है कि सरकार पर इन सिफारिशों का कोई असर ही नहीं पड़ा। इसके बाद वर्ष 2006 में फिर एक संशोधन का विधेयक आया, जिसमें कि मात्र एक संशोधन प्रस्तावित किया गया, उसके बाद फिर इसमें एक दूसरा संशोधन वर्ष 2006 में ही लाया गया। इस तरह दो वर्ष तक यह संशोधन हाइबरनेशन में पड़ा रहा और अब वर्ष 2008 के अंत में यह हमारे सामने है। इसमें मंत्री महोदय ने इतने व्यापक संशोधन प्रस्तावित किए हैं, जिससे मुझे लगता है कि सरकार खुद भी इस संशोधन विधेयक के विषय में स्पष्ट नहीं है और पता नहीं, किन कारणों से हड़बड़ी में वह इस विधेयक को पारित करना चाहती है?

महोदय, पुलिस रिफॉर्म और दंड प्रक्रिया संहिता में और सुधार लाने के लिए सरकार ने एक माधव मेनन समिति का गठन किया था। इस समिति की रिपोर्ट भी आए एक साल से अधिक हो चुका है। इसी सदन में हमारे एक सम्माननीय सदस्य के एक प्रश्न के उत्तर में स्वयं सरकार ने कहा था कि माधव मेनन समिति की सिफारिशों पर राज्य-सरकारों के अभिमत जानने के लिए इन सिफारिशों के क्रम में एक प्रारूप तैयार कर भेजा गया है। इसी प्रश्न के उत्तर में आगे बताया गया कि पांच राज्यों की सरकारों ने तो अपना अभिमत दे दिया है, बाकी शेष राज्यों से अभी अभिमत प्राप्त होना है। मैं जानना चाहती हूँ कि सरकार इस संबंध में क्या कर रही है? कब तक बाकी राज्यों से अभिमत आ जाएंगे? इस विषय में सदन को जानने का पूरा अधिकार है। क्या माधव मेनन समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार इस दंड प्रक्रिया संहिता में और कोई नया संशोधन लाने वाली है? मैं मंत्री महोदय से ये सारी बातें जानना चाहती हूँ।

उपसभापति महोदय, बार-बार संशोधन लाने से जहां सरकार की इस विषय में एक निश्चित सोच का अभाव मुझे दिखता है, वहीं प्रक्रिया में बार-बार परिवर्तन से पुलिस और अदालतों में भी कन्फ्यूजन की स्थिति उत्पन्न होती है। जो भी हो, इस तरीके के यह हालात ठीक नहीं हैं। वैसे मेरी पार्टी के जो वक्ता हैं, उन्होंने विस्तार से इस बिल के बारे में अपनी बात रख दी है, मैं सिर्फ इतना कहना चाहती हूँ कि इसमें कुछ प्रावधान, कुछ संशोधन ऐसे हैं, जिनका मैं समर्थन करती हूँ, स्वागत करती हूँ, मंत्री जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती

हूँ, जहां तक महिला पक्ष का सवाल है, लेकिन कुछ में ऐसी स्थिति है, जिन पर मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि इन पर कड़ी नजर रखी जाए और उनका पालन ठीक, अच्छे तरीके से हो, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

आपने मुझे बोलने के लिए जो अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। धन्यवाद।

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, since my colleague has already spoken on the major aspects of the Bill, I am not going to repeat them. I am just going to confine myself to certain issues concerning women.

I welcome the special provisions made for the protection of women in the various sections of the Bill. But I would like to urge upon the hon. Home Minister that since he has just taken over this office, he would not be aware that women's organizations have worked very hard for a comprehensive Bill on sexual assault. The present Criminal Procedure Code, and even the amendments that are being moved today, deal with this issue in a piecemeal manner. After studying the international law, we want a comprehensive law on sexual assault, dealing with different degrees of sexual assault. I think, if that could be considered, then, these various provisions, which are being brought in the Bill, could be put together. It would have a salutary effect to deal with the increasing crime against women. So, that is my first request which I would like to make to the hon. Minister.

Then, my major problem with these amendments is on the issue of making some of the crimes against women as compoundable crimes. There is a view in the society, which we have been fighting against, and it used to be a prevalent view, that what happens within the domestic sphere is a private matter to be dealt with between the husband and the wife or those who have perpetuated violence against violence. And, this was the prevailing patriarchal notion for which reason much of the violence against women, within the home, was really never taken up as a social crime. And, women suffered as a result of it. I think, our enlightened lawmakers in the Indian Parliament, recognising the social implications of such crimes against women...*(Interruptions)*.. Sir, it is very disturbing for a speaker when all are coming and going. It is very disturbing. I cannot speak in such a situation.

Sir, it was the progressive outlook of our lawmakers which accepted this struggle of women's movements and brought many of these crimes, which were hitherto hidden, into the public domain. They, in fact, recognised all aspects of crimes against women as social crimes in which the State and society have a role to ensure that they are not committed.

Now, there is this whole issue of making these crimes compoundable. Everyone knows that for compounding of an offence, there are two tables in the Criminal Procedure Code. The first table lists certain crimes in which even after a complaint is made or an FIR is filed, if the two parties come to an agreement of withdrawing a case, then, that case gets withdrawn. And in dealing with this, the One Hundred and Fifty Fourth Commission said, "The rationale for compounding of offences is that the chastened attitude of the accused and the praiseworthy

attitude of the complainant in order to restore peace and harmony in society must be given effect to in the composition of offences." Now, unfortunately, according to the experience of women, this kind of an understanding is completely divorced from the reality that women face because it is precisely violence which is destroying peace and harmony in our society. And, in a situation where relationship between the person perpetrating violence and the victim of that violence is unequal, then, very often, the compounding of an offence in an unequal relationship forces, and is an instrument of coercion, to compound the offence. We have tried it. And, this is one of the very important struggles of our movement. Please don't dilute the crime by making it a personal crime and making it compoundable. Therefore, I was very distressed to see that in a report in which so many important provisions have been made for the protection of women, this aspect has also been added. Therefore, I have moved amendments on some of these aspects. The first one is this. It is a very, very important one. It deals with section 324: voluntarily causing hurt by dangerous weapons or means. It says, "Whoever, except in the case provided by section 334, voluntarily causes hurt by means of any instrument for shooting, stabbing, or cutting or any instrument which, used as weapon of offence, is likely to cause death or by means of fire or any heated substance.." Now, we have had such cases. Everybody knows this whole phenomenon of death by burning. If you are going to bring section 324, which is often used in such cases, into a compoundable offence — you are introducing it in the first table — I think, it is going to be extremely unjustifiable. Therefore, I urge upon the hon. Home Minister, please don't do this and please remove this from the compoundable crimes. And, the other amendment which I moved is this.

Then, there is Section 312. Section 312 deals with the crime which concerns miscarriage and causing miscarriage of a woman. That is now being brought into a compoundable crime. I think this is absolutely unacceptable. We have the Termination of Pregnancy Act, which is an Act on its own. It gives a right to abortion for a woman. We support the right to abortion. But, at the same time, 'causing miscarriage' and to make 'causing miscarriage' compoundable, I think, is not something which can be accepted.

Then, we have Section 406. As everyone knows, 406 is more often than not used as a criminal breach of trust which is used in retrieving dowry in cases where the dowry is not being returned to a woman who has been abandoned or deserted, and, in many of those cases also, Section 406 is used. The present 406 is in Table 2. I would request that the *status quo* is maintained and this should not be shifted to Table 1 where only the two parties can do it.

Similarly, Sir, the other very important amendments, which I have moved, refer to the issue of sexual harassment. Now, 354 is a very serious crime and if you look at the rate of crime of the increase in this, you will find that in 2005, there were 34,000 cases registered; in 2006, there were 36,000 cases registered; and, in 2007, there were almost 39,000 cases registered, just below 39,000 cases. So, this is a very serious crime. It is already there in Table 2 but I would

really request the Home Minister to delete it from the compoundable offences so that the seriousness of the crime can be recognised by the society and action taken.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How much more time do you need?

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, I have finished. I have just got one more amendment.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why I am asking this is because we have to take the other Bill at 2 o'clock.

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, I have finished. Then, as far as compensation is concerned, we have moved a draft which is before the Home Ministry which concerns acid attacks on women and other attacks like that; and we have asked for a separate Commission to be set up for compensation both at the Centre and in the States. In this amendment, what they are suggesting is that the District Legal Service Authority or the State Legal Service Authority should be the Committee which can decide on the compensation. If it is possible — I mean, I don't accept the Home Minister to immediately respond now — and if he could consider that we require a separate Committee to deal with this issue of compensation, it would be really helpful. Sir, why I am saying so is because along with acid attacks, many courts are suggesting that a State not give compensation but different types of victims of violence among women should also be given some kind of rehabilitation. So, I think, it would be very helpful to women if a separate Committee could be set up. That would be something which would be very helpful to women.

———————

THE CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE (AMENDMENT) BILL, 2008

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Central Industrial Security Force Act, 1968.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, I introduce the Bill. (Ends)

———————

THE RAILWAY PROPERTY (UNLAWFUL POSSESSION) AMENDMENT BILL, 2008

रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि:

"रेल संपत्ति (विधि विरुद्ध कब्जा) अधिनियम, 1966 का और संशोधन करने के लिए एक विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए ..."

The question was put and the motion was adopted.

श्री लालू प्रसाद: महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।